16.04.2024 07.10 pm

प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार :–

- प्रदेश में तीसरे चरण के लिए नामांकन प्रकिया जारी, दिग्विजय सिंह और ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भरे पर्चे।
- लोकसभा चुनाव के लिए प्रदेश में प्रचार हुआ तेज, कांग्रेस–भाजपा के साथ निर्दलीय भी झोक रहे हैं ताकत।
- मतदाता जारूकता के कार्यकमों सिलसिला लगातार जारी।
- महाष्टमी पर्व पर देवी मंदिरों में पारंपरिक आस्था के साथ श्रद्धालुओं का आना जारी।

चुनाव प्रचार

प्रदेश में पहले और दूसरे चरण के लिए प्रचार चरम पर है। वरिष्ठ भाजपा नेता और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह आज छिंदवाडा में रोड शो में शामिल होंगे। इस बीच कांग्रेस और भाजपा के अन्य नेता आज भी प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में प्रचार कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने आज शिवपुरी में जनसभा को संबोधित किया। साथ ही गुना में हुए रोडशो में भी शामिल हुए। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने आज मुरैना में पार्टी प्रत्याशी के नामांकन सभा को संबोधित किया। उनके साथ नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार भी मौजूद रहे।

**नामांकन**

**प्रदेश में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए नामांकन भरने की प्रक्रिया जारी है। आज राजगढ़ लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। गुना लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अपना नामांकन दाखिल किया। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान उपस्थित रहे। आज ग्वालियर सीट पर एक प्रत्याशी ने अपना नामांकन भरा अब तक यहां छह उम्मीदवारों द्वारा नाम निर्देशन पत्र दाखिल किए जा चुके हैं। नामांकन के लिए अब दो दिन शेष बचे हैं। शासकीय अवकाश होने की वजह से कल 17 अप्रैल को नामांकन का सिलसिला बंद रहेगा।**

**मतदाता जागरुकता**

**प्रदेश में भी मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रशासन द्वारा कई विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। नीमच में आज ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता गतिविधियां आदि की समीक्षा के लिए कलेक्टर ने बैठक की इसमें ई-मतदाता शपथ प्रमाण पत्र भी**

**वितरित किए गए । छिंदवाड़ा के इंदिरा गांधी शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में शतप्रतिशत मतदान के लिए जनजागरूकता कार्यक्रम के तहत स्लोगन स्पर्धा का आयोजन किया गया। जिसमें कॉलेज के स्टूडेंट ने स्लोगन लिखकर मतदान का महत्व बताया। जिले के जुन्नारदेव में ग्राम उमरडोह, ग्राम पंचायत मलक्ष्मऊ, रामपुर, ग्राम पंचायत बानाबहरा आदि में रंगोली, मेहंदी स्पर्धा के बाद मतदाता जागरुकता रैली निकाली गई। इस बीच नर्मदापुर में 85 प्लस आयु और दिव्यांग मतदाताओं ने होम वोटिंग की। घर-घर जाकर मतदान दलों ने डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराया गया। सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ने बताया कि कुल 179 मतदाताओं ने होम वोटिंग की सहमति दी है। शहडोल जिले में** आज **19 अप्रैल को मतदान लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। गांधी स्टेडियम में दिव्यांगों ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली।**

जनता की आवाज–आकाशवाणी के साथ

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी मध्यप्रदेश द्वारा लोकसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए 'जनता की आवाज–आकाशवाणी के साथ, नामक एक ख़ास कार्यक्रम शुरू किया है... इसमें हम आम लोगों द्वारा मतदान के लिए की जा रही अपील को शामिल कर रहे हैं, जिससे अन्य श्रोता भी मतदान के लिए प्रेरित हो। आप भी अपनी आवाज़ में मतदान के महत्व पर केन्द्रित अधिकतम 40 सेकेण्ड का एक बढ़िया सा वीडियो सन्देश रिकार्ड करिए और हमारे **WhatsApp** नंबर 94065 23035 पर अपने नाम और निवास स्थान के नाम के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को प्रतिदिन समाचारों के साथ प्रसारित करेंगे...और हाँ, आप भी मतदान अवश्य करिए।

**<u>सचिव</u>**

**सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सचिव संजय जाजू ने आज भोपाल में मंत्रालय से जुड़े कार्यालयों की समीक्षा बैठक की। दूरदर्शन कार्यालय में हुई इस बैठक में भोपाल दूरदर्शन, आकाशवाणी, पत्र सूचना कार्यालय और केंद्रीय संचार ब्यूरो के अधिकारी कर्मचारी शामिल हुए। बैठक में श्री जाजू ने दूरदर्शन के मध्यप्रदेश चैनल और आकाशवाणी के कार्यक्रमों को और बेहतर करने पर विचार विमर्श किया। साथ ही अन्य विभागों से बेहतर समन्वय के साथ कार्य करने को कहा । उन्होंने दूरदर्शन और आकाशवाणी द्वारा संदेशों को क्षेत्रीय भाषा में लोगो तक पहुचाने को कहा। उन्होंने आकाशवाणी के प्रादेशिक समाचार एकंश द्वारा बुंदेली भाषा में समाचार दिए जाने की प्रशंसा की । उन्होंने दूरदर्शन परिसर का दौरा भी किया।**

**महाष्टमी**

**प्रदेश में आज महाष्टमी का पर्व पारंपरिक आस्था और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। देवास स्थित प्रसिद्ध माता टेकरी पर हजारों दर्शनार्थी बड़ी माता तुलजा भवानी और छोटी माता चामुंडा के दर्शनलाभ ले रहे हैं। छिंदवाड़ा के ग्राम रामपुर के जगत जननी मां दुर्गा मंदिर रामेश्वरी शक्ति पीठ में 125 मनोकामना ज्योति कलश की स्थापित किए गए है। यहां प्रतिदिन सुबह और रात 8 बजे महाआरती के बाद मन्दिर समिति द्वारा फल आहार वितरण किया जा रहा है।** नीमच **जिले की आरोग्य देवी मां भादवा में मेले** का आयोजन जारी है। **इसी तरह सतना भोपाल इंदौर आदि जगहो से भी महाष्टमी पर्व मनाने के समाचार मिले हैं।**

**कुंडलपुर तीर्थ क्षेत्र**

**दमोह जिले के कुंडलपुर तीर्थ क्षेत्र में आज समाधिस्थ आचार्य विद्यासागर महाराज के उत्तराधिकारी के तौर पर मुनि समय सागर महाराज ने विधि-विधान से आचार्य पद स्वीकार किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत समय सागर महाराज को आसन तक लेकर पहुंचे। इसके बाद आगे की प्रक्रिया शुरू हुई। इस पल के लाखों लोग साक्षी बने। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी इस दौरान मौजूद रहे।**

समाचार संक्षेप में :–

- लोकसभा चुनाव शांतिपूर्वक तरीके से कराने के लिए जबलपुर जिले में विशेष दस्ता तैनात होगा। इसके लिए विशेष सुरक्षा दल की टुकड़ियों का आगमन शुरू हो गया है।
- देवास जिले में आज लोकसभा निर्वाचन के लिए नियुक्त सेक्टर अधिकारियों को निवार्चन के पूर्व तैयारियों के संबंध में जिला पंचायत सभाकक्ष में प्रशिक्षण दिया।

.....................